दिनांकः 30.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का कल जयपुर आने का कार्यक्रम–विभिन्न आयोजनों में शिरकत करेंगे।
- राज्य में नकली उर्वरक बनाने और बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- भरतपुर पुलिस ने 400 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में गैंग का पर्दाफाश करते हुए एक सदस्य को गिरफ्तार किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी। श्री मोदी ने कहा कि भारत के सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की वायु सेना की क्षमता को ध्वस्त कर दिया। ये नये भारत की शाक्ति का प्रदर्शन है।

------------

प्रधानमंत्री ने कहा आतंकवाद हो या नक्सलवाद देश के दुश्मनों से तेजी से निर्णायक रूप से निपटा जाएगा। शांति, सुरक्षा, शिक्षा और विकास गांव–गांव तक बिना रूकावट के पहुंचेंगे। श्री मोदी आज बिहार में एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने करीब साढे 48 हजार करोड रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज जम्मू कश्मीर में पुंछ नगर का दौरा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की ओर से हुई गोलाबारी से सम्पत्तियों और धार्मिक स्थलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। श्री शाह ने कहा कि हर आतंकी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। गृहमंत्री और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने पाकिस्तानी गोलाबारी से पीडित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की। वहीं गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिजनों को नियुक्ति पत्र भी बांटे।

------------

000

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का कल एक दिन के दौरे पर जयपुर आने का कार्यक्रम है। श्री नड्डा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले राजकीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें विभिन्न योजनाओं के तहत महिलाओं और बालिकाओं को राशि हस्तांतरित की जाएगी। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी होगा। इसके बाद वे अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर होने वाले समारोह में भाग लेंगे। कार्यक्रम में अहिल्या बाई होलकर पर आधारित नाटक का मंचन और संगोष्ठी होगी। कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। दोपहर बाद श्री नड्डा पार्टी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की जायेगी। इस बीच, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, प्रभारी राधामोहन अग्रवाल तथा अन्य नेताओं ने आज आयोजन स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

000

केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि नकली उर्वरक बनाने और बेचने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री चौधरी राज्य के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा से अजमेर में मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। श्री चौधरी ने कहा कि अन्नदाता किसान को नकली उर्वरक बेचना गंभीर विषय है और इसकी गहराई से जांच कराई जाएगी।

------------

गौरतलब है कि राज्य के कृषि मंत्री श्री मीणा ने कल और आज अजमेर तथा उदयपुर जिलों में विभिन्न स्थानों पर उर्वरक बनाने वाली कम्पनियों का निरीक्षण किया, जिनमें बड़े पैमाने पर गडबडियां सामने आईं। कई जगहों पर उर्वरकों में मिलावट भी उजागर हुई। इसके बाद इन कम्पनियों पर कृषि विभाग की ओर से कार्रवाई भी की गई है।

000

भारतीय खाद्य सुरक्षा तथा मानक प्राधिकरण—एफएसएसएआई ने खाद्य पदार्थ कारोबारियों से लेबलिंग और प्रचार में सौ प्रतिशत दावों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। इसे उपभोक्ताओं के लिए संभावित रूप से भ्रामक बताया गया है। प्राधिकरण ने आज जारी एक परामर्श में कहा कि शत प्रतिशत शब्द के प्रयोग से पूरी शुद्धता और श्रेष्ठता की गलत धारणा पैदा होने की संभावना रहती है।

000

भरतपुर पुलिस ने 400 करोड रुपये की साइबर ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह ऑनलाइन गेम और ई कॉमर्स के नाम पर करोड़ो रुपये की ठगी कर रहे थे। इसके साथ ही फर्जी कम्परियों के माध्यम से कई तरह की धोखाधडी कर रहे थे।

पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने प्रेस वार्ता में बताया कि छह मार्च को धौलपुर साइबर थाने में ठगी की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद शिकायत का विश्लेषण करने पर पता लगा कि इसी बैंक खाते के खिलाफ पहले से ही ठगी की हजारों शिकायतें दर्ज हैं।

------------

000

राजस्थान बोर्ड की 5वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज जारी किया गया। नतीजे 97 दशमलव चार सात प्रतिशत रहे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर से वर्चुअल माध्यम से ये परिणाम घोषित किये। इस साल 13 लाख 30 हजार से बच्चों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 12 लाख 96 हजार 495 विद्यार्थी सफल रहे हैं। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि ये परिणाम लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की पहचान है। उन्होंने उत्तीर्ण बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लगातार प्रयास कर रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ सालों में राज्य की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार हुआ है। शिक्षकों के प्रशिक्षण, डिजिटल लर्निंग और आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

000

15 जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता—सह—प्रवेश परीक्षा—नीट—पीजी अब एक पारी में ही आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने आज इस बारे में निर्देश जारी किये। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि दो पारी के स्थान पर एक ही पारी में परीक्षा करवाने की व्यवस्था करें।

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट—पीजी परीक्षा के संचालन में पारदर्शिता की कमी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिये।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत को लेकर पूरी दुनिया की धारणाओं में बड़ा बदलाव आया है। भारतीय नागरिकों में भी देश के प्रति सकारात्मक परिवर्तन देखा जा रहा है। श्री शेखावत आज नई दिल्ली में **भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन** को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि देश का पर्यटन क्षेत्र बहुत विकसित हो चुका है। घरेलू पर्यटन में अवसरों की संभावनाएं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन से कहीं अधिक हैं। इसके तेज गति से बढ़ने के आसार हैं।

------------

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान उन्होंने कई विषयों पर चर्चा की।

इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने इंडिया इंटरनेशनल डिज़ाइन कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। तीन दिन का ये राष्ट्रीय आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रहा है। इस अवसर पर दिया कुमारी ने क्राफ्ट प्रदर्शनी

का भी अवलोकन किया। उन्होंने युवाओं की रचनात्मकता की सराहना की और कहा कि राजस्थान की कलात्मक परम्परा काफी समृद्ध है। इसे देश दुनिया तक पहुंचाने के सार्थक प्रयास होने चाहिए।

000

अरब सागर से आ रही नम हवाओं से राज्य में आज कई जगह मौसम में बदलाव देखने को मिला। जयपुर, हनुमानगढ और करौली सहित कई स्थानों पर बादल छाए रहे और बूंदाबांदी हुई। इससे आज मौसम खुशनुमा बना रहा। उधर, बारां में दोपहर बाद तेज हवाएं चलीं। जिले के केलवाडा और सीसवाली में कुछ देर मूसलाधार बारिश हुई। श्रीगंगानगर में भी अब से कुछ ही देर पहले बरसात का दौर शुरू हुआ। इस बीच चूरू और बाडमेर में आज तेज गर्मी का असर रहा। मौसम विभाग ने आज आंधी और बारिश की संभावना जताई है। हालांकि अगले दो दिनों में आंधी और बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार हैं। वहीं राज्य के पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बरसात हो सकती है। इस बीच बीते 24 घंटों में श्रीगंगानगर, बीकानेर और बाडमेर में हीटवेव का प्रकोप रहा।

000

पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की पासिंग आउट परेड में आज 17 महिला कैडेट्स का पहला बैच शामिल हुआ। इसके साथ ही 148वें कोर्स की इस परेड ने देश के सैन्य इतिहास में एक विशेष उपलब्धि हासिल की है। ये आयोजन देश के लिए गौरव का अवसर है, जिसमें पहली बार महिला प्रशिक्षणार्थी भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी पद के लिए तैयार हुई हैं।

000